हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

गबन मामला; धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी का प्रभारी गिरफ्तार 12



बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान 12





## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से महिला की मौत



**महासमुंद।** किराना दुकान से सामान लेकर लौट रही ग्राम अंकोरी की एक महिला की पिकअप की चपेट में आने से मौत हो गई। मामले में बसना पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम अंकोरी की मथुरा सिदार 26 मार्च की सुबह किराना दुकान से सामान लेकर पैदल घर जा रही थी, करीब 8 बजे सुबह ताड़ापारा रोड के पास पीछे से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक ओडी 17 एबी 0488 के चालक द्वारा अपने वाहन को खतरनाक ढंग से एवं तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पैदल चल रही मथुरा सिदार को पीछे से ठोकर मारकर एक्सींडेंट कर दिया, जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 एलकेएस, 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** ग्राम बनसिवनी में कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पंचराम ऊर्फ पंचू ध्रुव पिता सालिक ध्रुव (45 साल) बनसिवनी के कब्जे से कुल 20 लीटर महुआ शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# अफसरों के जागने से पहले चल रहा आंखों में धूल झोंकने का खेल

## मचका नाला और जोंक नदी से अलसुबह हो रहा रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के तेंदूकोना थाना क्षेत्र के बुंदेली चौकी अंतर्गत लिलेसर घाट से रोजाना अल सुबह रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। यह वाहनें भुरकोनी रोड़ से होते हुए तेंदूकोना और झलप की ओर रवाना हो रही हैं। बता दें कि लिलेसर घाट से किए जा रहे अवैध उत्खनन पर कुछ माह पहले कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई की गई थी।

लेकिन, अवैध उत्खननकर्ताओं के हौसले इस बुलंदी पर हैं कि जिले के आला प्रशासनिक अफसर के निर्देशों को धता बताते हुए जोंक नदी और मचका नाला से रेत की खुलेआम अवैध उत्खनन और तस्करी की जा रही है। बता जा रहा है कि जब अफसर गहरी नींद में होते हैं अथवा







उनकी आंख खुलने से पहले ही यहां तस्कर उनकी आंखों में धूल झोंक रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदूकोना थाना अंतर्गत बुंदेली चौकी साइड से प्रतिदिन सुबह 5 बजे से 9-10 बजे तक 8-10 हाइवा रेत भरकर भुरकोनी रोड से निकल कर तेंदूकोना होते झलप की ओर से निकाला जा रहा है। खनिज विभाग के अफसरों को सूचना दिए जाने के बाद भी निष्क्रियता बरती जा रही है। स्व संज्ञान लिए जाने की बजाय जब तक जिले के आलाधिकारी के निर्देश का इंतजार किया जाना खनिज विभाग के अफसरों की मिलीभगत का जताया जा रहा है।

विभाग को इस अंदरूनी रूट की जानकारी होने के बावजूद इस मार्ग पर कोई रोकटोक नही लगाया गया।

खास बात यह है कि कार्रवाई अगर की जाएगी तो कलेक्टर के ही निर्देश पर। अन्यथा, क्षेत्र की जनता या अन्य किसी मार्फत से मिलने वाले जानकारी पर विभागीय अफसर कोई कार्रवाई नही करते। वहीं सूचना देने वाले का दोबारा फोन करने पर फोन तक नही उठाने की शिकायत है।

## व्यवस्था : रसोई संभालने के बाद इस समस्या को दूर करने निकल रहीं महिलाएं

# सिलिंडर की पर्याप्त आपूर्ति लेकिन शॉर्टेज का डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रसोई में आए ईंधन संकट से जूझ रही महिलाएं अब सिलिंडर की कतार में भी जूझ रही हैं। हालांकि, सिलिंडर की कोई समस्या नही है। लेकिन, ईरान और अमेरिका युध्द के चलते खाड़ी देशों में ईंधन की आवाजाही में हो रही समस्या के मद्देनजर लोग सिलिंडर को लेकर भय खा रहे हैं। जबकि, होम डिलीवरी जारी होने के साथ अब आपाधापी में भी कमी आई है।

जिले में इन दिनों रसोई गैस सिलिंडर की किल्लत ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थिति यह है कि समय पर गैस सिलिंडर नहीं मिलने से घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। आपूर्ति होने के बावजूद स्थिति अब यह है कि महिलाएं सिलिंडर लेने पहुंचने लगी है।





### आपूर्ति बाधित होने से बिगड़ी स्थिति

सूत्रों के अनुसार परिवहन और आपूर्ति में आई बाधा के चलते सिलिंडरों की उपलब्धता प्रभावित हुई है। वहीं एजेंसियों का कहना है कि उन्हें पर्याप्त स्टॉक नहीं मिल पा रहा है, जिससे समय पर डिलीवरी देना संभव नहीं हो पा रहा है। रसोई गैस की कमी का सबसे ज्यादा असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है।

### जल्द समाधान की मांग

उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों को भी समय पर सिलिंडर नहीं मिल पाने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आम लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस आपूर्ति व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए और पर्याप्त संख्या में सिलिंडर उपलब्ध कराए जाएं। ताकि, आम जनता को राहत मिल सके।

### घरेलू सिलिंडर की आपूर्ति जारी, कमर्शियल में कम

गैस एजेंसी संचालकों की मानें तो घरेलू गैस की पर्याप्त आपूर्ति हो रही है। वहीं, कॉमर्शियल सिलिंडर की आपूर्ति पूर्व में 20 फीसदी जारी की गई थी। लेकिन, अब इसे 30 फीसदी करते हुए केवल मेडिकल और एजुकेशन सेक्टर के लिए इसे बढ़ाया गया है। होटल और ढाबों में कॉमिर्शियल सिलिंडर को पूरी तरह से रोक दिया गया है। इसके कारण अब होटल ढाबों में तालाबंदी की स्थिति होती जा रही है। लकड़ी टाल से लकड़ी और कोयले की बिक्री में इजाफा हुआ है।

## डंपर के पलटने से चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

घोड़ारी से गिट्टी भरकर सरायपाली की ओर जा रहा एक डंपर पिरदा मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में डंपर चालक की दब जाने से मौत हो गई। तुमगांव थाने में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि मृतक बीरेंद्र कुमार साहू पिता देवानंद साहू (38 साल) ग्राम बडेडाभा (छोटे डाभा) पोस्ट गडफुलझर थाना बसना 26 मार्च को अपने डंपर ट्रक क्रमांक सीजी06 एचडी 7588 से ग्राम घोडारी (नदी मोड) महासमुंद से गिट्टी भरकर सरायपाली की ओर जा रहा था।

सुबह करीबन 9 बजे एनएच53 रोड पिरदा मोड़ के पास डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें दब जाने से बीरेंद्र कुमार साहू की मौत हो गई। मामले में धारा 106(1) बीएनएस, 184 एमवी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# शादीशुदा प्रेमिका को ब्लेड मारकर किया घायल फिर खंभे में चढ़कर आरोपी ने दे दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शादीशुदा प्रेमिका पर ब्लेड से प्राणघातक हमला कर आरोपी युवक ने बिजली के खंभे में चढ़कर अपनी जान दे दी। जिले के बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गढ़फुलझर में हुई इस घटना के बाद घायल युवती का इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, युवती की शादी महज 15 दिन पहले ही हुई थी। शादी के बाद वह अपने पति के साथ नवरात्रि मेला देखने मायके गढ़फुलझर पहुंची थी। इसी दौरान उसका पुराना प्रेमी भी गांव पहुंच गया। दोनों रात्रि करीब 2-3 बजे दोनों घर से कुछ दूरी पर मिले, जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान युवक ने गुस्से में आकर ब्लेड से युवती के गले पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद युवक ने पास के बिजली खंभे पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बसना पुलिस ग्रामीणों से सूचना मिलने पर सुबह मौके पर पहुंची और घटनास्थल को सुरक्षित किया गया वैज्ञानिक अधिकारी द्वारा घटनास्थल और शव का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। मृतक की पहचान राजेश बारिह 25 वर्ष, निवासी कांदाडोगर, थाना झारबंद ओडिशा के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि मृतक का पिछले एक वर्ष से एक महिला निवासी चमरडीह, ओडिशा के साथ प्रेम संबंध था। रात्रि में महिला के बुलावे पर वह मिलने गया था, जहां विवाद के बाद उसने ब्लेड से हमला किया और बाद में आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना बसना में मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।



### ट्रक से 16 टन महुआ जब्त, ट्रक चालक को नोटिस जारी

**महासमुंद।** जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध रूप से महुआ परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से भारी मात्रा में महुआ जब्त किया है। पुलिस ने ट्रक चालक को वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर नोटिस जारी करते हुए कुल 24 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 मार्च 2026 को टेमरी नाका में संदिग्ध वाहनों की जांच के दौरान ओडिशा के खरियार रोड की ओर से आ रही एक अशोक लीलैंड कंपनी की ट्रक (क्रमांक सीजी 04 एमटी 0207) को रोककर जांच की गई। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम किशन ठाकुर पिता लच्छूराम ठाकुर (उम्र 20 वर्ष), निवासी सुवरमाल थाना कोमाखान जिला महासमुंद बताया। पूछताछ में चालक ने बताया कि वह ट्रक में 16 टन महुआ लेकर खरियार रोड (ओडिशा) से रायपुर की ओर जा रहा है। इस पर पुलिस ने वाहन में लदे सामान के वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए चालक को धारा 94 बीएनएसएस के तहत नोटिस दिया। नोटिस के जवाब में चालक द्वारा लिखित में बताया गया कि उसके पास महुआ परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। इसके बाद पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में ट्रक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में जूट की बोरियों में भरा हुआ करीब 16 टन महुआ बरामद हुआ, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख रुपये बताई गई। इसके साथ ही अशोक लीलैंड कंपनी की ट्रक (कीमत करीब 20 लाख रुपये) और ट्रक की आरसी बुक भी जब्त की गई। वाहन के आरसी में वाहन स्वामी का नाम संदीप कुमार अग्रवाल पिता मोहनलाल दर्ज है। पुलिस ने इस मामले में इस्तगासा क्रमांक 04/2026 धारा 106 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए महुआ और ट्रक सहित कुल 24 लाख रुपये की संपत्ति जब्त कर ली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध परिवहन और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए जिले में लगातार वाहन चेकिंग और सख्त कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे, ताकि अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके।

### वारंटियों की धरपकड़ के लिए चला अभियान 94 गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिला पुलिस द्वारा फरार एवं न्यायालय से अनुपस्थित वारंटियों की धरपकड़ के लिए 23 से 26 मार्च तक विशेष अभियान चलाया। चार दिनों तक जारी इस अभियान में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल 94 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अभियान में 06 स्थायी वारंटी और 88 गिरफ्तारी वारंट का निष्पादन किया गया। इन वारंटों में स्थानीय न्यायालयों के साथ-साथ अन्य जिलों के न्यायालयों से प्राप्त वारंट भी शामिल थे। गिरफ्तार किए गए स्थायी वारंटियों में आबकारी एक्ट के 4, छेड़छाड़ का 1 तथा गाली-गलौच और मारपीट के 1 मामले के आरोपी शामिल हैं। सभी को विधिवत कार्रवाई करते हुए संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। अभियान के तहत जिले के सभी अनुविभागों में अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन कर वारंट तामीली की कार्रवाई की गई। महासमुंद अनुविभाग में थाना कोतवाली से 10 गिरफ्तारी वारंट और 3 स्थायी वारंट, थाना तुमगांव से 11 गिरफ्तारी वारंट तथा थाना खल्लारी से 3 गिरफ्तारी वारंट सहित कुल 27 वारंटों की तामीली की गई।

# राष्ट्रीय सम्मेलन एवं संत समागम का आयोजन 31 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन द्वारा 31 मार्च 2026 को शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन महासमुंद में राष्ट्रीय सम्मेलन एवं संत समागम का आयोजन किया जाएगा। उक्त बातें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे, प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर मानव अधिकार प्रकोष्ठ, प्रदेश संगठन मंत्री देवीचंद राठी, जिलाध्यक्ष शरद मराठा, शहर अध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर उर्फ राजू, सहसंयोजक पीयूष साहू ने प्रेसवार्ता में कहीं।

प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे ने बताया कि संगठन का उद्देश्य समाज में एकता और भाईचारा बढ़ाना, संत समागम और आध्यात्मिक जागरूकता फैलाना, गौ रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना, जरूरतमंद लोगों की सेवा और सहायता करना है। संगठन के माध्यम से समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रम, संत समागम, जागरुकता अभियान और सेवा कार्य जैसे गरीबों की मदद, पौधरोपण और धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन करते आ रहे हैं। हमारा लक्ष्य एक संगठित, संस्कारित और सशक्त समाज का निर्माण करना है, जहां हर व्यक्ति में राष्ट्र और धर्म के प्रति सम्मान और सेवा की भावना हो।



राष्ट्रीय सम्मेलन एवं संत समागम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कल्कि पीठाधीश्वर जगद्गुरु कल्कि महाराज, पंच दशानम जुना अखाड़ा महामंडलेश्वर 1008 विष्णु बापू महाराज, ऋषिकेश पीठाधीश्वर अनीता माता के साथ-साथ राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी, राष्ट्रीय महामंत्री मयंक ढेगुला, राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ मंजू तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री महिला प्रकोष्ठ डॉ विभा द्विवेदी एवं विशिष्ट अतिथि विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा एवं विधायक उत्तर रायपुर पुरंदर मिश्रा होंगे।



## खबर संक्षेप



### मनरेगा मजदूर की मौत, सहायता राशि की मांग

**धमतरी।** मनरेगा में काम करते वक्त मनरेगा मजदूर की मौत के मामले में परिजन सहायता राशि के लिए भटक रहे हैं। मृतिका के पति ने कलेक्टर से सहायता राशि दिलाने की मांग की है। कुरूद तहसील के ग्राम चरमुड़िया निवासी रामचरण पटेल ने कलेक्टर को आवेदन कर कहा है कि उसकी पत्नी बुधियाबाई पटेल की मृत्यु 17 जून को जेठू सरोवर तालाब गहरीकरण कार्य के दौरान हो गई। मस्टर रोल क्रमांक 20545 में दिनांक 14 जून से 20 जून तक मस्टररोल जारी हुआ है। रामचरण पटेल ने महात्मा गांधी रोजगार गारंटी के तहत सहायता राशि प्रदान करने की मांग की है।

### फर्जीवाड़ा : शिक्षक को मिली जमानत

**धमतरी।** जनपद पंचायत मगरलोड अंतर्गत वर्ष 2007 में हुए शिक्षाकर्मी घोटाले के आरोपी शिक्षक को न्यायालय से जमानत मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 अगस्त 2007 को क्षेत्रपाल बंजारे की नियुक्ति शासकीय प्राथमिक शाला कोरगांव मगरलोड में हुई थी। शिकायत जांच अनुसार उन्होंने शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की नौकरी पाने के लिए अनुभव एवं खेल प्रमाण पत्र का उपयोग कर अंक लाभ लिया था। शिकायत जांच के दौरान क्षेत्रपाल बंजारे ने प्रकरण से बचने के उद्देश्य से अपने गृहग्राम जांजगीर-चांपा में पोस्टिंग ले ली थी। गत दिनों पुलिस ने श्री बंजारे को शिक्षाकर्मी फर्जीवाड़ा मामले में गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया था जिसे न्यायालय ने शुक्रवार को जमानत दे दी है। उल्लेखनीय है कि चयन समिति के लोकसेवक, सदस्य तथा करीब 18 शिक्षाकर्मी उच्च न्यायालय बिलासपुर से अग्रिम जमानत पर हैं।

### कोड़ापार में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ आज से

**जीजामगांव।** कोड़ापार में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन वैष्णव परिवार द्वारा आज से किया गया है।



कथावाचक नारायण महाराज श्रीराधे निकुंज आश्रम जंजगिरी भिलाई हैं। 28 मार्च शनिवार को कलश यात्रा, वेदी पूजन, गोकर्ण कथा, भागवत महत्तम, 29 मार्च को परीक्षित जन्म, सुखदेव का आगमन, वराह अवतार। 30 मार्च को कपिल उपदेश, ध्रुव चरित्र, शिव पार्वती का विवाह उत्सव होगा। 31 मार्च को प्रहलाद कथा, गजेंद्र मोक्ष, नरसिंह अवतार, राम राज्याभिषेक व 1 अप्रैल को कृष्ण जन्म, बाल लीला, गोवर्धन पूजा, माखन चोरी, छप्पन भोग की कथा होगी। 2 अप्रैल को कंस वध, रुक्मणि विवाह के उपरांत विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। 3 अप्रैल शुक्रवार को सुदामा चरित्र, श्रीमद् भागवत कथा का सार एवं पूर्णाहुति के साथ महाआरती होगी।

### संगीत एवं योग प्रशिक्षकों ने मांगा मानदेय



**धमतरी।** जिले के पीएमश्री आत्मानंद स्कूलों में कार्यरत संगीत एवं योग प्रशिक्षकों ने मानदेय दिलाने तथा कार्यादेश आगे बढ़ाने की मांग कलेक्टर से की है। संगीत एवं योग प्रशिक्षक चमनदास साहू, तुलसीराम साहू, कलेश्वरी साहू, प्रवीणकुमार, जितेंद्र यादव, देवेंद्र प्रताप, लोकेश साहू, प्रदीपकुमार, ईश्वर, रोमी साहू, दुर्गा साहू ने कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में कहा है कि वे सभी संगीत तथा योग टीचर हैं। पीएम श्री आत्मानंद स्कूलों में अंशकालीन प्रशिक्षक के रूप में 10 हजार रुपए प्रतिमाह में कार्य कर रहे हैं। उन्हें कार्य अवधि 7 माह में से 3 माह का मानदेय प्राप्त हुआ है। 4 माह का मानदेय शेष है। 31 मार्च से उनकी सेवा समाप्त होने वाली है। संगीत एवं योग प्रशिक्षकों ने चार माह का मानदेय भुगतान कराने तथा सेवा निरंतर जारी रखने के लिए कार्यादेश बढ़ाने की मांग की है।

# बढ़ती गर्मी को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



जिले में लगातार बढ़ते तापमान और संभावित लू (हीट स्ट्रोक) की स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जारी इस परामर्श में लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आने वाले दिनों में भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है, तब हीट वेव की स्थिति बनती है और इसका प्रभाव विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों पर अधिक पड़ता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि इस मौसम में बिना जरूरी कार्य के दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और हल्के सूती कपड़े पहनें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण जैसे तेज बुखार, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी या अत्यधिक कमजोरी दिखाई दे, शरीर का तापमान बढ़ जाए और पसीना न आए या अत्यधिक प्यास के साथ पेशाब कम हो, तो इसे गंभीरता से लेते हुए तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करना चाहिए। उन्होंने बताया कि लू लगने की स्थिति में पीड़ित को तुरंत ठंडी जगह पर लिटाना चाहिए, उसके सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखनी चाहिए और उसे पानी, ओआरएस, पना या लस्सी जैसे तरल पदार्थ पिलाने चाहिए। यदि स्थिति गंभीर हो तो बिना विलंब किए अस्पताल ले जाना आवश्यक है, क्योंकि समय पर उपचार से गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नागरिकों से अपील किया गया है कि वे दोपहर के समय तेज धूप से बचें, बाहर निकलते समय सिर और शरीर को ढंककर रखें, अधिक मात्रा में पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करें, हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा चक्कर या कमजोरी महसूस होने पर तुरंत आराम करें।

# रामनवमी पर निकली आकर्षक झांकी, महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

- निषाद समाज सिहावा जोन ने हर्षोल्लास से मनाया पर्व



रामनवमी पर निषाद समाज सिहावा जोन द्वारा पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को राममय बना दिया। हर ओर जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत सिहावा के पवित्र महादेव घाट से भगवान श्रीराम की आकर्षक एवं मनमोहक झांकी के साथ रैली निकालकर की गई। रैली में समाज के छोटे-बड़े, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जयकारे लगाते हुए पूरे उत्साह के साथ रैली में सहभागी बने। रैली गांव की विभिन्न गलियों और प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कर्णेश्वर महादेव मंदिर परिसर पहुंची।

मंदिर परिसर में समाज द्वारा निर्मित राम मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति का ऐसा माहौल बना रहा कि हर ओर राम नाम की गूंज सुनाई देती रही। महिलाओं द्वारा पीले वस्त्र धारण कर सहभागिता निभाना कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा, जिसने समाज की एकता, संस्कृति और परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

मुख्य अतिथि निषाद समाज सिहावा क्षेत्र के अध्यक्ष अंजोरसिंह निषाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और संस्कारों का संचार होता है। आगे कहा कि निषाद समाज सदैव धर्म और संस्कृति की रक्षा में अग्रणी रहा है और हमें अपनी समृद्ध परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए नई पीढ़ी को भी इससे जोड़ना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोन सलाहकार रामदयाल निषाद ने की। विशिष्ट अतिथि हीरसिंग निषाद थे। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मौके पर सिहावा जोन अध्यक्ष ईश्वर लाल, दिलीप निषाद, दिनेश निषाद, धनसिंह निषाद, टीकाराम निषाद, कामता निषाद, प्रभुलाल निषाद, धात्री निषाद, नरेश निषाद, नारायण निषाद सहित समाजजन उपस्थित थे।

## महावीर जन्म कल्याणक पर धार्मिक एवं सेवा कार्यों की श्रृंखला शुरू



**धमतरी।** जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत शहर में धार्मिक एवं सेवा कार्यों की श्रृंखला प्रारंभ हो गई है। आचार्य श्री 1008 रामलालजी म.सा. की आज्ञानुवर्तीनी शासन दीपिका प्रियंका श्रीजी मसा आदि ठाणा 4 के सान्निध्य में शुक्रवार की सुबह श्री आदिश्वर जिनालय से राष्ट्रीय गौशाला तक प्रभातफेरी निकाली गई। अहिंसा परमो धर्म और जियो और जीने दो के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

गौशाला पहुंचकर समाजजनों ने गायों को गुड़ व रोटी खिलाकर गौ सेवा की। 28 मार्च को सुबह 6 बजे श्री पाश्र्वनाथ जिनालय से अभिनंदन स्वामी जिनालय शांति कॉलोनी तक दूसरी प्रभातफेरी निकाली जाएगी। वहीं शाम 7:30 बजे धनकेशरी मंगल भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंगलाचरण एवं धार्मिक लूडो का आयोजन होगा। इसी दिन सिहावा चौक स्थित नया स्थानक भवन में सुबह 10 बजे से विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में रक्तदान, शुगर जांच तथा दिव्यांगों को जयपुर फुट वितरण किया जाएगा। विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। आयोजन की तैयारियों में सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष आकाश गोलछा सहित समाजजन सक्रिय हैं।

## मंदिरों में धूमधाम से मना राम जन्मोत्सव



**धमतरी।** शहर के राम मंदिरों में राम जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से देर रात तक विविध धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इतवारी बाजार स्थित प्राचीन किले के श्रीराम मंदिर में इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया गया। सुबह पुजारी अभिषेक शर्मा एवं आशीष शर्मा द्वारा अभिषेक और श्रृंगार पूजन किया गया। इसके पश्चात संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ हुआ। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के जन्म के पावन क्षण पर महाआरती की गई और प्रसादी वितरण किया गया। शाम को रामायण पाठ एवं महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस दौरान कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त रूपनारायण सिन्हा, विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, सभापति कौशिल्या देवांगन सहित अनेक पार्षद एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। वहीं श्रीराम जानकी मठ मंदिर में भी राम जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। यहां सुबह दूध, दही, घी और पंचामृत से अभिषेक कर भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। इसके बाद 56 भोग अर्पित कर महाआरती की गई। पुजारी हनुमंत वैष्णव द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया। शाम को 108 दीपों की रोशनी के साथ आरती कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया।

# कुरूद में युवक पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

- नाम व गांव पूछकर की मारपीट, पुरानी रंजिश का शक



क्षेत्र में एक युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल मोहित साहू (पिता बलराम साहू) का इलाज सिविल अस्पताल कुरूद में जारी है। डॉक्टरों के अनुसार वह अब खतरे से बाहर है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नवागांव (थुहा) निवासी मोहित साहू गुरुवार रात करीब 9 बजे अपने साथियों के साथ ई-रिक्शा से मेला देखने निकला था। देर रात लगभग 12 बजे वापसी के पहले कुरूद में कुछ युवकों ने उन्हें और उनके साथियों को रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पहले उनका नाम, गांव और समाज पूछा, फिर गाली-गलौज करते हुए मोहित और उसके साथियों धीरेंद्र, सतीश व सोनू को घेरकर मारपीट की। विवाद बढ़ने पर आरोपियों में से किसी ने मोहित के सीने और पेट में चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार साल भर पहले गणेश पक्ष के दौरान नवागांव और कुरूद के युवकों के बीच पूर्व में झड़प और मारपीट हो चुकी है, जिससे इस घटना को पुरानी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस में औपचारिक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। इस पर एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने बताया कि घटना मेला स्थल की नहीं है और मामले की जानकारी को लेकर भ्रम की स्थिति है। यदि घटना मेला स्थल की होती तो तत्काल सूचना मिल जाती। फिलहाल रिपोर्ट का इंतजार है, लेकिन हम अपने स्तर पर जांच कर रहे हैं।

# शहनाई से पहले उठी अर्थी युवक ने फांसी लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

- सिंधौरीखुर्द में सन्नाटा



शादी की खुशियों से सजा एक घर पलभर में मातम में बदल गया। कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधौरीखुर्द में 24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना ने न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक वेदप्रकाश यादव की कुछ समय पहले ही सगाई हुई थी और घर में विवाह की तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। 27 अप्रैल से मांगलिक कार्यक्रम शुरू होने थे, जबकि 29 अप्रैल को बारात निकलने वाली थी। लेकिन इससे पहले ही यह दुखद घटना हो गई, जिससे घर की खुशियां मातम में बदल गईं। घटना के बाद सिंधौरीखुर्द गांव में शोक का माहौल है। जिस घर में कुछ ही दिनों बाद शहनाई बजने वाली थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है। हर किसी के मन में यही सवाल है कि आखिर ऐसी क्या वजह रही, जिसने एक युवक को यह कदम उठाने पर मजबूर कर दिया।

दिन में सोने गया, रात में मिली लाश परिजनों के अनुसार 26 मार्च की सुबह भोजन के बाद वेदप्रकाश अपने कमरे में आराम करने चला गया था। दोपहर बाद जब वह बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। देर शाम अनहोनी की आशंका के बीच गांव के लोगों को बुलाया गया। रात करीब 8 बजे दरवाजा तोड़ा गया, जहां वेदप्रकाश का शव पंखे से फंदे पर लटका मिला।

### पुलिस जांच में जुटी, कारण अब भी रहस्य

सूचना मिलते ही कुरूद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला सामने आया है, हालांकि इस कदम के पीछे की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित : रंजना

## छाती सोसाइटी में पूर्व विधायक ने चना खरीदी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरी





ग्रामीण सेवा सहकारी समिति छाती में समर्थन मूल्य पर चना एवं सरसों खरीदी का शुभारंभ पूर्व विधायक रंजना साहू ने किया। अन्य अतिथि जनपद सदस्य धमतरी श्रीमती नम्रता पालनहार, शेखर पटेल झिरिया सरपंच, तेजराम निर्मलकर, राजेश चंद्राकर, विजय चंद्राकर, भूपेंद्र साहू, टिकेश्वरी चंद्राकर, भगत यादव, चिरौंजीलाल साहू, पारसमणि, नरोत्तम, देवलाल साहू, संबलपुर शाखा प्रबंधक केके साहू, सुपरवाइजर हिरेंद्र सिन्हा थे।

इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि भारत एवं राज्य सरकार द्वारा निरंतर किसानों के हित में अनेक कार्य किये जा रहे हैं। आज समर्थन मूल्य पर धान के बाद चना सरसों की खरीदी की जा रही है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी। प्राधिकृत ललित कुमार साहू ने किसानों को समिति द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। चिरौंजी लाल साहू ने किसानों को दलहन तिलहन की बिक्री कर आर्थिक लाभ लेने की बात कही। भगत यादव ने किसानों से सहकारी समितियों से जुड़कर लाभ लेने की अपील की। आभार व्यक्त बल्ला चंद्राकर मंडल उपाध्यक्ष ने किया। 39 क्विंटल 6 सदस्यों एवं दो सदस्यों द्वारा 1 क्विंटल सरसों की बिक्री की गई। यह जानकारी नरेंद्र कुमार साहू समिति प्रबंधक ने दी।



# डांडेसरा में ज्योत जंवारा का हुआ विसर्जन

- भक्तों ने दंडवत लेटकर अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए माता से की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)



चैत्र नवरात्रि पर नौ दिन की आराधना और भक्ति के बाद ग्राम डांडेसरा में ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों में माता के प्रति गहरी श्रद्धा, आस्था और उत्साह देखने को मिला। सेवा गीतों और माता के जयकारों के बीच भक्त ज्योत जंवारा विसर्जन के लिए निकले। इससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में रंगा नजर आया। गांव में शीतला मंदिर के साथ कैलाश साहू और अंगद राम साहू के घर में भी ज्योत जंवारा की स्थापना की गई थी, जहां नौ दिनों तक विधि-विधान से माता की सेवा और पूजा अर्चना की गई। नौवें दिन श्रद्धालुओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ विसर्जन यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर ज्योत जंवारा रखकर आगे बढ़ती नजर आईं। वहीं कई भक्तों ने दंडवत लेटकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता से प्रार्थना की। सेवा और जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा।

## अतिथियों ने समाज की प्रतिभाओं का किया सम्मान, बच्चों को संस्कारवान बनाने पर दिया जोर

# चिटौद में कर्मा जयंती पर महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

- एकता और जागरूकता से ही समाज की प्रगति : प्रीतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुरूर(धमतरी)





परिक्षेत्रीय साहू समाज पुरूर द्वारा ग्राम चिटौद साहू सदन में भक्त मां कर्मा की जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मां कर्मा की पूजा आरती पश्चात बाजे-गाजे के साथ समाज की महिलओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि एकता और जागरूकता से ही समाज की प्रगति संभव है। आगे कहा कि मां कर्मा केवल एक समाज की ही नहीं बल्कि सनातन धर्म के मानने वाले सभी समाज के लिए हैं। मां कर्मा का जीवन सादगी, समर्पण और भक्ति का प्रतीक है। आगे कहा कि हमारे भी समाज के लोग धर्म परिवर्तन कर रहे हैं जो समाज के लिए चिंता का विषय है। समाज के जिला अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने कहा कि समाज में कई फिजूलखर्ची एवं कुरूतियां थी जिसे प्रतिबंध कर दिया गया है। आगे कहा कि आज बच्चे शिक्षा में तो आगे हैं लेकिन संस्कार भूलते जा रहे हैं। जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू ने कहा कि च्चों को नशे से दूर रखकर संस्कारवान बनाना जरूरी है।

जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू ने कहा कि मां कर्मा का जीवन अटूट भक्ति, त्याग, और समर्पण की जीवित मिसाल है। ब्लाक अध्यक्ष मिथलेश साहू ने कहा कि आने वाले समय में साहू समाज के साथ अन्य समाज के बच्चों को भी प्रतियोगी परिक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। सभा को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्र- छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।



# बिरकोनी में शोभायात्रा के साथ ज्योत जवांरा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

- दुर्गा नवमीं पर ज्वांरा विसर्जन शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी में शक्ति की भक्ति के महोत्सव नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। शोभायात्रा के साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन किया गया। घरों सहित मंदिर में रामनवमी पर्व पर अनेक आयोजन का दौरा चलता रहा। शोभायात्रा के दौरान भजन कीर्तन, सेवा जसगीत,व माता के जगराता कर धूमधाम से निकली गई। नौ दिन तक माता की पूजा-अर्चना में लीन श्रद्धालुओं का जत्था विसर्जन करने निकला। श्रद्धालुओं ने माता के पर्व पर 8 दिन तक उपवास कर कन्याओं को माता के वेशभूषा में सजा कर माता रूपी रूप में भोजन कराया। घरों में प्रज्ज्वलित ज्योति ज्वांरा की शोभायात्रा सेवागीत जसगीत के साथ निकली गई। जहां पर सैकड़ों लोगों द्वारा शोभायात्रा का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। शोभायात्रा यात्रा भाटापारा पारा, सुभाष चौक होते हुए बाजार चौक, साहू पारा, रामजानकी मंदिर, गुड़ी चौक से छोटे तालाब विसर्जन स्थल में पहुंची। जहां ज्योत जंवारा को विसर्जित किया गया। इस दौरान भक्तों की भीड़ लगी रही।

## खबर संक्षेप

### मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा धमतरी विधानसभा अंतर्गत विभिन्न धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इस अंतर्गत सोमेश्वर महादेव मंदिर (ग्राम पंचायत सोरम) में स्टील ग्रील एवं जीर्णोद्धार कार्य के लिए 5 लाख रुपये, अखाड़ा मैदान हनुमान मंदिर (लीलर) में सौंदर्यीकरण कार्य के लिए 5 लाख रुपये, बाजार चौक शिव मंदिर (बोड़रा स) में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख रुपये, शिव मंदिर मड़ाईभाठा (भोयना) में मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख रुपये तथा ग्राम पंचायत सेमरा डी के शिव मंदिर में जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य हेतु 5 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। जनपद क्षेत्र के मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति मिलने पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### अधिवक्ता की मृत्यु सहायता राशि 2.50 लाख मिलेगी

**धमतरी।** छग के अधिवक्ताओं की सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण मांग सहायता राशि प्रोटेक्शन बिल को लेकर विधिक्य परिषद की आमन्यास समिति की बैठक 22 मार्च को प्रदेश के विधि मंत्री गजेन्द्र यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अधिवक्ता कल्याण निधि न्यासी समिति एवं महाधिवक्ता छग के विधि परिषद के अधिकारी, वित्त विभाग, भारतीय जीवन बीमा निगम और अन्य बैंकों के वरिष्ठ सदस्य मौजूद थे।

# संसद में गरियाबंद को मिला महत्व सांसद रूपकुमारी ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा को वैश्विक पटल पर पहचान दिलाने के लिए लोकसभा में एक बड़ी पहल की है। सांसद ने गरियाबंद जिले के देवभोग क्षेत्र में दबे दुनिया के सबसे दुर्लभ और बहुमूल्य रत्नों में से एक 'एलेक्जेंड्राइट' का मुद्दा सदन में प्रखरता से उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान इस बेशकीमती रत्न की उपेक्षा की ओर आकर्षित करते हुए इसके वैज्ञानिक सर्वेक्षण और पारदर्शी खनन की पुरजोर वकालत की।

सदन के माध्यम से सरकार को अवगत कराते हुए सांसद रूपकुमारी चौधरी ने बताया कि देवभोग का एलेक्जेंड्राइट अपनी अद्भुत रंग परिवर्तन क्षमता के लिए विश्व विख्यात है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसे दिन में पन्ना, रात में माणिक कहा जाता है। उन्होंने रेखांकित किया कि रूस, ब्राजील और लंका जैसे चुनिंदा देशों के बाद भारत का यह क्षेत्र इस रत्न का सबसे बड़ा संभावित केंद्र है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये प्रति कैरेट तक पहुंचती है। चौधरी ने सदन में इस बात पर गहरा क्षोभ व्यक्त किया कि इतने महत्वपूर्ण खनिज संकेत होने के बावजूद अब तक इस क्षेत्र में अपेक्षित गति से व्यापक वैज्ञानिक अन्वेषण प्रारंभ नहीं हो पाया है।

उन्होंने कहा कि उचित सरकारी प्रबंधन और आधुनिक तकनीक के अभाव में इस बहुमूल्य राष्ट्रीय संपदा की अवैध निकासी और तस्करी की आशंकाएं बनी रहती हैं। इससे न केवल छत्तीसगढ़ को राजस्व की भारी हानि हो रही है, बल्कि एक बड़ा वैश्विक अवसर भी हमारे हाथ से निकल रहा है। सांसद ने इस मुद्दे को सीधे तौर पर स्थानीय रोजगार और विकास से जोड़ा। उन्होंने तर्क दिया कि यदि केंद्र सरकार इस क्षेत्र में पारदर्शी और आधुनिक खनन व्यवस्था विकसित करती है, तो स्थानीय उत्थानः गरियाबंद और देवभोग जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। ग्लोबल हबः छत्तीसगढ़ का यह अंचल अंतरराष्ट्रीय 'जेम एंड ज्वेलरी' उद्योग का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा। अर्थव्यवस्था को मजबूतीः इस खनिज से प्राप्त राजस्व क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और जन-कल्याणकारी योजनाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि देवभोग क्षेत्र में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के जरिए व्यापक संसाधन आकलन कराया जाए। साथ ही अवैध उत्खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अत्याधुनिक निगरानी तंत्र स्थापित करने और पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया की दिशा में त्वरित कदम उठाने की मांग की। महासमुंद सांसद के इस प्रभावी और दूरदृष्टि पूर्ण हस्तक्षेप के बाद अब क्षेत्र के लोगों में उम्मीद जगी है कि देवभोग की यह छिपी हुई अनमोल संपदा जल्द ही राष्ट्र के विकास की मुख्यधारा में शामिल होगी।

# झलप में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

भाजयुमों प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के झलप आगमन पर पदाधिकारी सहकोषाध्यक्ष राजा अग्रवाल एवं सहकारी समिति झलप के अध्यक्ष सागर साहू के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित भाजयुमों कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन युवाओं की ताकत से ही सशक्त बनता है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा, अनुशासन और सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। जब हर कार्यकर्ता अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी से निभाता है, तब संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। उन्होंने आगे कहा कि युवा शक्ति देश और समाज के विकास की सबसे बड़ी आधारशिला है, और भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों को गति देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उत्साह, ऊर्जा और संगठनात्मक एकता का प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम में भाजपा सिरपुर मंडल अध्यक्ष उमेश गोल्डी साहू, जिला युवा मोर्चा के सदस्य उदय भानु, संतोष पंडा, रिंकू ध्रुव, जितेंद्र यादव, तोनू साहू, भूपेंद्र यादव, पूरन मारकंडे, महेश देवांगन, दयाशंकर पटेल, प्रीतम साहू जलकी, सतीश मारकंडे, यशवंत साहू, प्रवीण बरिहा, सागर ध्रुव, गौरव ठाकुर, राहुल यादव, संजू ध्रुव, एसकुमार बरिहा, शत्रुघन खड़िया, साहिल नायक, लोकेश नायक, ऋषि ध्रुवंशी, वीरेन भारद्वाज, सोनू लहरे, जयंत जोगी, धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

## अप्रैल से जून तीन माह का एकमुश्त चावल वितरण होगा

**महासमुंद।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के अंतर्गत पात्र राशन कार्डधारियों को अप्रैल से जून 2026 तक के खाद्यान्न वितरण के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई सुनिश्चित करने निर्देशित किया है। जारी निर्देशानुसार अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित एवं निःशक्तजन राशनकार्डधारियों को तीन माह का चावल एकमुश्त अप्रैल माह में वितरित किया जाएगा तथा सामान्य राशनकार्डधारियों को अप्रैल माह का आबंटन दिया जाएगा। इसके लिए नागरिक आपूर्ति निगम को 31 मार्च 2026 तक समस्त उचित मूल्य दुकानों में पर्याप्त मात्रा में चावल भंडारण करने के निर्देश दिए गए हैं तथा 30 अप्रैल 2026 तक वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही अन्य राशन सामग्री जैसे शक्कर, नमक एवं चना का भंडारण और वितरण स्टॉक उपलब्धता के अनुसार अप्रैल से जून के दौरान प्रति माह अलग-अलग किया जाएगा।

# महावीर इंटरनेशनल का रक्तदान शिविर कल



**महासमुंद।** महावीर इंटरनेशनल शाखा महासमुंद की बैठक मेघ बसंत कॉलोनी में हुई। बैठक में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत 29 मार्च रविवार को प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन स्थानीय शांतिनाथ जैन भवन में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 31 मार्च को महावीर जन्म कल्याणक दिवस के अवसर पर स्वर्गीय निर्मला देवी श्रीश्रीमाल की स्मृति में श्रीश्रीमाल परिवार महासमुंद के सहयोग से शहर में ग्रीष्मकालीन चलित प्याऊ का शुभारंभ एवं संचालन किया जाएगा। इसी दिन दोपहर 3 बजे शासकीय अस्पताल महासमुंद में फल वितरण एवं बेबी किट वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। बैठक में संस्था के अध्यक्ष हेमंत मालू, सचिव रविंद्र लूनिया, सहसचिव प्रतीक चोरड़िया, कोषाध्यक्ष दिलीप चौरडिया सहित सुभाष बाफना, रमेश सांखला, दिलीप बुरड़, धीरज चोपड़ा, निर्मल चोपड़ा, रूपेश सुराणा, मुकेश चौरडिया, सम्यक चोपड़ा, विनय झाबक, प्रदीप बुरड़, संजय मालू आदि उपस्थित थे।

# रामनवमीं पर सजी भक्ति की संध्या, मानस पाठ से गूंजा जगन्नाथ मंदिर परिसर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रामनवमी पर्व पर ग्राम बलौदा के जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित रामचरित मानस पाठ एवं भजन संध्या ने पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया। आयोजन में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए और देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। कार्यक्रम में रामसंदेशा मानस मंडली कुम्हारी एवं तुलसी मानस मंडली पिरदा द्वारा प्रस्तुत किए गए भजन एवं मानस पाठ ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति ने ऐसा समां बांधा कि पूरा मंदिर परिसर जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा।

शाम 7 बजे प्रभु श्री राम की आरती श्रद्धा और उत्साह के साथ हुई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बलौदा की सरपंच सरस्वती सरोज सेठ, महालक्ष्मी सेवा समिति बलौदा की संस्थापक नीलम प्रवीण प्रधान सहित अनेक नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में जगन्नाथ मंदिर समिति बलौदा के अध्यक्ष राधेश्याम दास, पूर्णचंद्र सेठ के साथ सरस्वती शिशु मंदिर बलौदा के आचार्यगण सरोज डडसेना, आशीष डडसेना, अश्विनी सेठ, बबलू प्रधान का सराहनीय योगदान रहा। इस धार्मिक आयोजन ने ग्रामवासियों के बीच आस्था, एकता और सांस्कृतिक परंपरा को और भी मजबूत किया।



# महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के केवाइसी के लिए दिया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में जिले के महतारी वंदन के समस्त हितग्राहियों का ई-केवायसी किया जाना है, इसी कडी में जिले के 3 लाख 26 हजार 814 हितग्राहियों का ई-केवायसी 01 अप्रैल से 30 जून 2026 तक जिले के समस्त सीएससी में किया जाएगा। केवायसी करने के लिए जिले में कार्यरत वीएलई को विभिन्न तिथियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महासमुंद विकासखंड अंतर्गत कार्यरत समस्त वीएलई को जनपद पंचायत के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित हुई। शासन के मंशानुरूप 27 मार्च को महासमुंद, 28 मार्च को बागबाहरा, 30 मार्च को पिथौरा, 31 मार्च को बसना एवं 01 अप्रैल को सरायपाली में प्रशिक्षण होगा।

# पश्चिम बंगाल में अपने प्रभार क्षेत्र में विधायक योगेश्वर कर रहे प्रचार, कहाः पश्चिम बंगाल में बनेगी भाजपा की सरकार

**महासमुंद।** महासमुंद के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को भाजपा संगठन केंद्रीय नेतृत्व की ओर से पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें बोलपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया है। वे लगातार भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार घोष के समर्थन में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता जान चुकी है कि प्रदेश को विकास की राह में वापस लाना है, भयमुक्त प्रदेश बनाना है तो भाजपा की सरकार बनानी पड़ेगी। टीएमसी की सरकार ने पश्चिम बंगाल की जनता को विकास से दूर रखा है। प्रदेश में अपराध बढ़ता जा रहा है। इससे लोग उनकी सरकार से परेशान हो चुके हैं। आगे कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पश्चिम बंगाल में अच्छा प्रदर्शन किया था। अब उसे आगे जारी रखते हुए भाजपा सरकार को पश्चिम बंगाल की सत्ता में काबिज करना है।



बता दें कि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा अपने प्रभार क्षेत्र में सक्रिय रूप से आमजन के बीच पहुंच रहे हैं। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं। साथ ही जनता के बीच पहुंचकर भाजपा सरकार के कार्यों को बता रहे हैं। केंद्र की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दे रहे हैं। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद ज्ञापित किया है कि उन्हें जिम्मेदारी दी गई है। वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से कर रहे हैं, इसलिए परिणाम भाजपा के पक्ष में ही आएगी।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**// ईश्तहार प्रकाशन //**

क्रमांक/ 2772/ तह/ वा./ 2026 कोमाखान, दिनांक 09/03/2026

रा.प्र.क्र...ब/121/ वर्ष 2025-26 ग्राम :- झिटकी प.ह.न. -19 रा.नि.मं-नर्रा तहसील-कोमाखान, जिला-महासमुन्द छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रामबाई पति श्री भानू जाति कुम्हार उम्र 60 वर्ष निवासी झिटकी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है, उनके पिता श्री सहदेव पिता हगरू का मृत्यु दिनांक 01.02.2010 को ग्राम झिटकी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदिका को अपने पिता श्री सहदेव पिता हगरू के मृत्यु के समय अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नही होने के कारण आवेदिका के द्वारा अपने पिता श्री सहदेव पिता हगरू के मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार झिटकी एवं ग्राम पंचायत झिटकी को नहीं दे पाये। जिसके कारण रजिस्ट्रार (जन्म/ मृत्यु) ग्राम पंचायत झिटकी के द्वारा आवेदिका के पिता श्री सहदेव पिता हगरू के मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपने पिता श्री सहदेव पिता हगरू के मृत्यु दिनांक 01.02.2010 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचारधिन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक - 30/03/2026 को नियत है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ उजर/ दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30/03/2026 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/ उजर/ दावा/ आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**// ईश्तहार प्रकाशन //**

क्रमांक / 2773 / तह/वा./2026
कोमाखान, दिनांक 09/03/2026
रा.प्र.क्र ....ब/121/ वर्ष 2025-26
ग्राम :- झिटकी प.ह.न 19, रा.नि.मं:- नर्रा
तहसीलः कोमाखान, जिला महासमुन्द छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रामबाई पति श्री भानू जाति कुम्हार उम्र 60 वर्ष निवासी झिटकी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है, उनकी माता श्रीमती अंजोरा पति श्री सहदेव का मृत्यु दिनांक 09.12.2010 को ग्राम झिटकी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदिका को अपनी माता श्रीमती अंजोरा पति श्री सहदेव के मृत्यु के समय अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नही होने के कारण आवेदिका के द्वारा अपनी माता श्रीमती अंजोरा पति श्री सहदेव के मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार झिटकी एवं ग्राम पंचायत झिटकी को नहीं दे पाये। जिसके कारण रजिस्ट्रार (जन्म / मृत्यु) ग्राम पंचायत झिटकी के द्वारा आवेदिका की माता श्रीमती अंजोरा पति श्री सहदेव के मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपनी माता श्रीमती अंजोरा पति श्री सहदेव के मृत्यु दिनांक 09.12.2010 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचारधिन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांकः- 30/03/2026 को नियत हैं।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर/ दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30/03/2026 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर/दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार कोमाखान

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

**// ईश्तहार प्रकाशन //**

रा.प्र.क्र .....ब/ 121 / वर्ष 2025-26
ग्राम :- झिटकी प.ह.नः 19 रा.नि.मं :- नर्रा
तहसील कोमाखान, जिला :- महासमुन्द छ.ग.

एनद द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक :- माधोराम सेन पिता गड़हाराम सेन जाति नाई निवासी झिटकी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है, उनकी सास रामबाई पति श्री कलानाथ का मृत्यु दिनांक 12.11.2010 को ग्राम झिटकी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदक एवं उनके परिजनों की अथानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण वे श्रीमती रामबाई पति कलानाथ की मृत्यु दिनांक 12.11.2010 की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार झिटकी एवं रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) झिटकी को नहीं दे पाये जिसके कारण रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) झिटकी के द्वारा आवेदक की सास श्रीमती रामबाई पति कलानाथ का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं जारी किया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपनी सास श्रीमती रामबाई पति कलानाथ का मृत्यु दिनांक 12.11.2010 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचारधिन है जिसमें आगामी पेशी दिनांक 30.03.2026 को नियत हैं।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30.03 2026 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त' का आक्षेप उजर/दावा / आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार कोमाखान

# राष्ट्रीय बागवानी मिशन से सशक्त हुए किसान प्रमोद, हजारों का मुनाफा



**महासमुंद।** जिले के विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत ग्राम करमापटपर (भदरसी) के किसान प्रमोद चंद्राकर ने सीमित भूमि संसाधनों के बावजूद राष्ट्रीय बागवानी मिशन के सहयोग, नवाचार और आधुनिक तकनीक व अपनी मेहनत से उद्यानिकी खेती में सफलता प्राप्त की है। चंद्राकर बताते है कि उनके पास कुल 0.41 हेक्टेयर भूमि है, जो पहले पारंपरिक रूप से धान की खेती के लिए उपयोग में लाई जाती थी। इस पद्धति में लागत अधिक और उत्पादन अपेक्षाकृत कम होता था। लेकिन, समय के साथ उन्होंने खेती में बदलाव लाने का निर्णय लिया और उद्यानिकी फसलों की ओर कदम बढ़ाया। उन्होंने ड्रिप सिंचाई जैसी आधुनिक तकनीक को अपनाया, जिससे पानी की बचत के साथ-साथ फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में भी वृद्धि हुई। अब वे खरीफ और रबी दोनों सीजन में धनिया, प्याज और गेंदा फसलों की खेती कर रहे हैं। प्रमोद चंद्राकर बताते हैं कि उन्होंने धनिया की खेती से प्रति एकड़ लगभग 5 से 6 क्विंटल उत्पादन प्राप्त किया। इस उत्पादन से उन्हें प्रति एकड़ लगभग 50 हजार रुपए तक का मुनाफा हुआ। यह लाभ उन्हें इनपुट लागत, श्रमिक खर्च और अन्य सभी व्ययों को निकालने के बाद प्राप्त हुआ है। प्रमोद चंद्राकर की इस उपलब्धि से पूरे गांव के लोग प्रेरित हुए हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### गायत्री शक्ति पीठ खैरा में देव पूजन व 5 कुंडीय महायज्ञ कल से

**महासमुंद।** गायत्री शक्ति पीठ खैराभाठा सितली नाला के पास 29 एवं 30 मार्च को देव पूजन व 5 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया है। 29 मार्च रविवार को शाम 4 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 30 मार्च 2026 सोमवार प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक जप साधना, प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक देव पूजन एवं 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार, सायं 5 बजे 7 युगऋषि का संदेश एवं एवं दीप यज्ञ के साथ समापन होगा। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### अप्रैल, मई एवं जून में राजस्व पखवाड़ा आयोजित

**महासमुंद।** राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम प्रत्येक माह अप्रैल, मई एवं जून 2026 में 15-15 दिन के लिए आयोजित किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा 2026 की कार्ययोजना के तहत अप्रैल माह में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक, मई माह में 04 मई से 18 मई 2026 तक तथा जून माह में 01 जून से 15 जून 2026 तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं राजस्व विभाग को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में राजस्व पखवाड़ा का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक प्रकरणों का मौके पर ही समाधान किया जाए।

### जगदलपुर में तार मिस्त्री परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक

**महासमुंद।** संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) जगदलपुर द्वारा आगामी जुलाई माह 2026 में तार मिस्त्री परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रतिवर्ष की तरह आयोजित की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। यह परीक्षा विशेष रूप से बस्तर, कोंडागांव, कांकेर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, धमतरी एवं महासमुंद जिले के उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाएगी।

### एकलव्य स्कूल में लेटरल एंट्री के लिए 20 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश लिया जाना है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 7वीं एवं कक्षा 11वीं (सीबीएसई पाठ्यक्रम, अंग्रेजी माध्यम) में रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कक्षा 7वीं में बालक वर्ग के लिए 1 सीट तथा कक्षा 11वीं में बालक वर्ग के लिए कुल 7 सीटें रिक्त हैं। इच्छुक विद्यार्थी 01 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

**गड़बड़ी: भौतिक सत्यापन के दौरान 3325 बोरी धान की पाई गई थी कमी**

# गबन मामला; धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी का प्रभारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना



कृषि साख सहकारी समिति कुरचुंडी में हुए धान खरीदी गबन मामले में एफआईआर दर्ज होने के पश्चात फरार प्रभारी क्षमानिधि साव को बसना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बता दें कि तहसीलदार के निर्देशानुसार राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं मंडी की संयुक्त जांच टीम द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया था। भौतिक सत्यापन के दौरान 3325 बोरी धान की कमी पाई गई थी। कुरचुंडी धान खरीदी प्रभारी के विरुद्ध बसना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(5) के तहत मामला दर्ज किया गया था। उल्लेखनीय है कि जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और किसान हितैषी बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए लगातार कड़ी और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर धान उपार्जन केंद्र कुरचुंडी में प्रशासन द्वारा गठित जांच दल की विस्तृत जांच प्रतिवेदन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि धान खरीदी प्रभारी क्षमानिधि साव द्वारा धान खरीदी नीति 2025–26 का घोर उल्लंघन करते हुए केंद्र के धान स्टॉक में 3325 बोरी धान की कमी की गई थी। यह कमी कुल 1330 क्विंटल धान की है, जिसका समर्थन मूल्य 31,50,770 रुपए, कृषक उन्नति योजना राशि 9,72,230 रुपए बाजार आंकी गई है।

अपुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी मामले में डाटा ऑपरेटर की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। भारी मात्रा में धान की कमी यानि किसानों के पट्टे पर बगैर धान के एंट्री किया जाना ये बहुत बड़ा खेल है। समिति प्रभारी और डाटा ऑपरेटर की मिलीभगत से ही यह संभव हो पाया है। सूक्ष्मता से इसकी जांच होती है तो सच सामने आ जायेगा और डाटा आपरेटर के शामिल होने का सच सामने आ जायेगा।

**समिति में धान खरीदी को लेकर जीरो करने के एवज में खपाया जा रहा धान**

सबसे अहम पहलू यह है कि धान खरीदी केंद्र कुरचुंडी में धान की कमी को पूरा करने के लिए बाहर ओडिशा से लाकर धान लगातार खपाया जा रहा है, इससे साफ जाहिर होता है कि खरीदी प्रभारी और डाटा ऑपरेटर की भूमिका संदिग्ध है। धान खपाए जाने के संबंध में समिति प्रबंधक, ऑपरेटर ने कहा कि समिति को जीरो करना है, इसलिए धान लाकर भरपाई कर रहे हैं।

## बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान



**झलप।** झलप के आसपास के ग्राम तुरेंगा, अमोरी, कोलपदर में शुक्रवार की शाम मौसम ने अचानक बदलाव के चलते क्षेत्र में तेज हवा के साथ हल्की बारिश और ओला वृष्टि के चलते अर्ली वेराइटी के धान के फसल को नुकसान पहुंचा है। साथ ही आम के बौर, महुआ को भी नुकसान हुआ है। कोलपदर के सालिक राम पटेल, अमोरी के सागर पटेल, तुरेंगा के सरपंच रूपधर पटेल ने कहा कि धान में बाली आनी शुरू हो गई थी, लेकिन ओलावृष्टि से फसल को नुकसान पहुंचा है।

**गिधली हर घर जल ग्राम के रूप में प्रमाणित**

## घर में पेयजल की सुविधा से समय का हो रहा है सदुपयोग: रेखा भोई

**महासमुंद।** जिले के बसना विकासखंड के ग्राम गिधली में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना ने ग्रामीणों के जीवन में खुशहाली लाई है।

ग्रामीण बताते हैं कि गांव के लोगों की सुबह की दिनचर्या पानी की समस्या से शुरू होती थी। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए हैंडपंप और पावर पंप पर निर्भर रहना पड़ता था। गर्मी के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी, जब पानी के स्रोत सूखने लगते थे और लोगों को दूर-दूर तक पानी लाने के लिए जाना पड़ता था। इससे समय और श्रम दोनों की बर्बादी होती थी, महिलाओं को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। परिस्थिति में बदलाव तब आया जब जल जीवन मिशन के तहत गांव में कार्य प्रारंभ हुआ। इस योजना के अंतर्गत लगभग 100.52 लाख रुपए की लागत से एक पानी टंकी का निर्माण किया गया और करीब 4644 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई। जिससे गांव के 250 घरों में नल कनेक्शन प्रदान किए गए। पहले जहां गांव में 9 हैंडपंप और 5 पावर पंप ही जल का मुख्य स्रोत थे। वहीं अब सभी घरों तक सीधे स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इस सफलता में ग्राम पंचायत के सरपंच शोभित मांझी का नेतृत्व और ग्रामीणों का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। इसी का परिणाम है कि 17 अप्रैल 2025 को ग्राम गिधली को हर घर जल ग्राम के रूप में प्रमाणित



किया गया।

की लाभार्थी रेखा भोई बताती हैं कि पहले उन्हें पानी भरने के लिए काफी दूर जाना पड़ता था, जिससे उनका समय और मेहनत दोनों अधिक लगते थे। लेकिन अब घर में नल कनेक्शन मिलने से उन्हें आसानी से स्वच्छ पानी उपलब्ध हो जाता है। इससे उनका समय बचता है, जिसे वे अब घर और अन्य उपयोगी कार्यों में लगा पाती हैं, जिससे समय सदुपयोग हो रहा है।



### श्रीमद भागवत कथा में शामिल हुए नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** ग्राम लाफ़निखुर्द में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भागवत भगवान व भगवताचार्य यामिनी देवी का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि भागवत रूपी अमृत कथा का श्रवण अपने आप में मोक्ष का द्वार है। भागवत के आयोजन करने वालों को सहस्त्रों यज्ञ का पुण्य मिलता है। हमारा सौभाग्य है कि भागवत भगवान की पूजा व कथा श्रवण करने का पुण्य अवसर मिला है।



### श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन शामिल हुए तुषार

**महासमुंद।** ग्राम रायतुम में प्रवीण साहू के यहां आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। कथावाचक आकाश मिश्रा ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती है। जिस स्थान पर कथा होती है, वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान कृष्ण ने कहा है कि कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। उन्होंने कहा कि एक मार्ग दमन का है तो दूसरा उदारीकरण का। दोनों ही मार्गो में अधोगामी वृत्तियां निषेध हैं। जैसे की गोकर्ण ने कथा कही, किन्तु उसके दुराचारी भाई धुंधकारी ने मनोयोग से उसे सुना तो मोक्ष प्राप्त हो गया। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए, आत्मा तृप्ति नहीं होती है।



### नगर में निकाली गई 51 मीटर की चुनरी यात्रा

**महासमुंद।** जय मां भवानी दूर्गा पूजा समिति अंबेडकर चौक द्वारा नगर की कुल देवी माता महामाया मंदिर में चुनरी श्रृंगार चढ़ाने के लिए बाजे गाजे, आतिशबाजी एवं जस गीत के साथ चुनरी यात्रा निकाली गई। 51 मीटर चुनरी को मातृ शक्ति लेकर चल रहे थे। नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने यात्रा में शामिल होकर पूजा अर्चना की। और कहा कि लगातार पांच वर्षों से चैत्र नवरात्र में नगर की महामाया माता को निःस्वार्थ भाव से चुनरी यात्रा निकालकर चढ़ाते हैं। यह यात्रा अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर नेहरू चौक, गांधी चौक, महामाया चौक होते हुए महामाया मंदिर पहुंची। जहां सैकड़ों भक्तों माता को चुनरी श्रृंगार अर्पित कर पूजा अर्चना की। इस दौरान समिति के राकेश मदनकार, दीपक सोनी, बुलु सेवई, सुरेश सोनवानी, शुभम सोनी, देवेश अमन मदनकार, मोनू औसर, रज्जू देवांगन, कान्हा सोनी, बिट्टू, पीयूष, सोनू ध्रुव नीलू आद मौजूद रहे।

## अरंड में ज्योत जवांरा का हुआ विसर्जन



**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड में रामनवमी पर्व पर ज्योत ज्वांरा का विसर्जन किया गया। गांव के हेम सिंह साहू व हेमप्रसाद साहू परिवार द्वारा ज्योत ज्वांरा का आयोजन किया गया था। गुरुवार 26 मार्च को महाष्टमी पर हवन पूजन यज्ञ पूर्णाहुति के पश्चात माता सेवा जसगीत के साथ ज्वांरा का ग्राम भ्रमण के पश्चात विसर्जन किया गया। इस अवसर माता सेवा समिति, महिला माता सेवा समिति सहित ग्राम के सरपंच दिगंबर पटेल, उपसरपंच युवराज पटेल, खूबचंद दुबे, बैगा विश्वनाथ ध्रुव, शिवचरण ध्रुव, कार्तिक राम पटेल, देवराज सिंह ठाकुर, दिनेश दुबे, गंगाधर निर्मलकर, लखन पटेल, पुनीत देवगन, उमा राम, हेम सिंह ध्रुव, मन्नू राम ध्रुव, कौतुक पटेल, नारद साहू, विक्की साहू, भगवंतीन बाई, धनेश्वरी बाई, ममता साहू, चुनेश्वरी बोधनी, कोमल, लीला, जीराबाई ध्रुव, ईश्वरी बाई ध्रुव, सुकून बाई ध्रुव, लक्ष्मी बाई, दशरोतीन बाई ध्रुव, बीरम बाई, मथुरा बाई ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### हितग्राहियों को शीघ्र पेंशन राशि जारी करे प्रदेश की भाजपा सरकार

**महासमुंद।** पालिका क्षेत्र के पेंशन हितग्राहियों को विगत



चार महीने से पेंशन नहीं मिल पाने से उन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है। उक्त समस्या के समाधान की मांग करते हुए पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि गत 4 महीनों से हजारों पेंशन हितग्राहियों को उनकी राशि नहीं मिल पा रही है। जिससे लोगों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सरकार का ध्यान आकर्षित कर बताया है कि नगर पालिका क्षेत्र में विधवा पेशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेशन,समाजिक पेंशन, सुखद सहारा आदि पेंशन के लिए सरकार ने राशि जारी नहीं की है जिसके कारण पिछले चार-पांच महीनों से हितग्राहियों को पेंशन नहीं मिला है। जिसके कारण पेंशनर भारी समस्याओं से जूझ रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में वृद्धा पेंशनरों को माह नवंबर 2025 के बाद से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशनरों को दिसंबर 2025 के बाद अन्य पेंशनरों को माह नवम्बर 2025 के बाद से पेशन नहीं मिला है। इनमें से अधिकत्तर ऐसे हितग्राही हैं, जिनकी आजीविका पेंशन पर ही निर्भर है। उन्होंने यह बताया है कि पेंशन न मिलने के कारण आम लोगों का भाजपा की गारंटी पर से विश्वास उठने लगा है। राज्य सरकार अपने वादों को पूरा करने में विफल हो रही है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

## पीएमश्री सेजेस तुमगांव के छात्रों ने किया पंचजय फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड का भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

पीएमश्री सेजेस तुमगांव स्कूल के कक्षा 6 और 7 के बच्चे पंचजय फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड बिरकोनी गए। इस भ्रमण में बच्चों को चिप्स, मिक्चर और कुरकुरे जैसे स्नैक्स कैसे बनाए जाते हैं, यह दिखाया गया। दौरे में प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे के नेतृत्व में शिक्षक सिद्धांत गायगौरे, सत्यम पांडे, सागर झा, नवीन दास, जय टंडन और सुषमा गिलहरे भी साथ थे। बच्चों ने चिप्स, मिक्सचर और कुरकुरे बनाने की पूरी प्रक्रिया देखा। आलू काटना, तलना, मसाला लगाना, पैकिंग करना और गुणवत्ता जांचना। फैक्ट्री की नई मशीनें और साफ-सफाई का तरीका जाना। कामगारों से बात कर पता किया कि अच्छा सामान बनाने के लिए क्या करना पड़ता है। भ्रमण के अंत में प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे ने बच्चों को प्रेरणा दी।

# महाविद्यालय में कम्युनिकेटिव इंग्लिश व स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

## विद्यार्थी नियमित अभ्यास एवं रुचि से सीख सकते हैं अंग्रेजी भाषा : डॉ एकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

- कॉलेज के लगभग 100 से अधिक छात्रों का हुआ पंजीयन






शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार आईक्यूएसी, आईआईसी वा अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वधान में फ्री स्पोकन इंग्लिश कोर्स कम्युनिकेटिव इंग्लिश एंड सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में फ्री स्पोकन इंग्लिश कोर्स के विषय विशेषज्ञ व प्रसिद्ध समाज सेविका डॉ. एकता लंगेह, प्राचार्य प्रोफेसर करुणा दुबे, कला संकाय प्रभारी डॉ. रीता पांडे, विभागाध्यक्ष अंग्रेजी आशुतोष पुरी गोस्वामी, प्रोफेसर सरस्वती सेठ व अतिथि सहायक प्राध्यापक नम्रता तंबोली मंचस्थ रहे।

अपने उद्बोधन में प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने मातृभाषा के साथ-साथ वैश्विक भाषा भी सीखनी चाहिए, जिससे कि वे रोजगार परख बने। डॉ एकता लंगेह ने कहा, अंग्रेजी एक सरल भाषा है, जिसे विद्यार्थी नियमित अभ्यास और रुचि से सीख सकते हैं। अंग्रेजी विभागाध्यक्ष आशुतोष पुरी गोस्वामी ने कहा कि अंग्रेजी रोजगार की भाषा है, इसे सीख कर विद्यार्थी बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। डॉ रीता पांडे ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य है विद्यार्थियों में कौशल पैदा करना इस कार्यक्रम से विद्यार्थी भाषा कौशल प्राप्त करेंगे। फ्री स्पोकन इंग्लिश कोर्स का विषय कम्युनिकेटिव इंग्लिश व स्किल डेवलपमेंट पर आधारित है। इसके तहत डॉ एकता लंगेह व अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापकगण आशुतोष पुरी गोस्वामी, डॉ गरिमा दीवान व डॉ सुशांत भट्टाचार्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के इस्तेमाल की बारीकियां को सिखाएंगे। कॉलेज के विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा में सहजता व सरलता से बोलचाल करना, व्याकरण अशुद्धियों को दूर करना व इंटरव्यू में प्रस्तुतीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम से महाविद्यालय के लगभग 100 से अधिक विद्यार्थी पंजीयन हुए।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411